दिन– शनिवार दिनांक– 14 / 09 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल पीएम आवास योजना ग्रामीण के तहत राज्य के एक लाख से अधिक लाभार्थियों के खाते में पहली किस्त की राशि जारी करेंगे।

02. पटना उच्च न्यायालय समेत प्रदेश की सभी अदालतों में आज किया जा रहा है राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन। आपसी समझौते के आधार पर होगा विवादों का निपटारा।

03. प्रदेश के विभिन्न जिलों में पिछले चौबीस घंटों के दौरान डेंगू के रिकॉर्ड एक सौ अट्ठाईस मामलों की पुष्टि। पटना में सबसे अधिक उनसठ नये मरीज मिले।

04. और, आज हिंदी दिवस है। इस अवसर पर देश और प्रदेश में आयोजित किये जा रहे हैं कई कार्यक्रम।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत बिहार के एक लाख से अधिक लाभार्थियों के खाते में पहली किस्त की राशि जारी करेंगे। वहीं, योजना के तहत निर्मित आवासों के मालिकों को सांकेतिक रूप से आवास की चाबी भी सौंपी जायेगी। नई दिल्ली में मीडिया को जानकारी देते हुए केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी आवास प्लस दो हजार चौबीस ऐप का भी अनावरण करेंगे। इसका उद्देश्य पात्र लाभार्थियों को सूची में शामिल करके घरों का आवंटन सुनिश्चित करना है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि योजना के जरिए आने वाले पांच वर्षों में तीन लाख छह हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत से दो करोड़ अतिरिक्त घर बनाए जाएंगे। श्री चौहान ने यह भी कहा, केंद्र सरकार प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना का चौथा चरण शुरू कर रही है। योजना के तहत सत्तर हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बासठ हजार पांच सौ किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण किया जाएगा।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से भागलपुर–हावड़ा और पटना–जमशेदपुर वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस ट्रेन का नियमित परिचालन सत्रह सितम्बर से शुरू हो जायेगा। रेलवे की ओर से जारी समय सारणी के अनुसार ट्रेन का परिचालन शुक्रवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन होगा। भागलपुर–हावड़ा वंदे भारत ट्रेन सुबह सात बजकर पैंतालीस मिनट पर हावड़ा से चलेगी और रामपुरहाट, दुमका तथा हंसडीहा होते हुये दोपहर दो

बजकर पांच मिनट पर भागलपुर पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन अपराह्न तीन बजकर बीस मिनट पर भागलपुर जंक्शन से रवाना होगी और रात नौ बजकर बीस मिनट पर हावड़ा जंक्शन पहुंचेगी। इस अवसर पर रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू भागलपुर जंक्शन पर मौजूद रहेंगे।

———————————————————————

पटना उच्च न्यायालय समेत प्रदेश की सभी अदालतों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। लोक अदालत में आपसी सहमति के आधार पर विभिन्न प्रकार के दीवानी और कुछ प्रकार के फौजदारी मामलों का निपटारा किया जायेगा। बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार लोक अदालत में बैंक ऋण, बिजली बिल विवाद, टेलीफोन बिल विवाद, वाहन दुर्घटना बीमा, श्रम वाद, नीलाम पत्र वाद और पारिवारिक मामलों का निपटारा आपसी सहमति के आधार पर होगा।

———————————————————————

केन्द्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने कहा है कि व्यापारियों और थोक विक्रेताओं के लिए संशोधित गेहूं भंडारण सीमा अब दो हजार मिट्रिक टन होगी। यह सीमा पहले तीन हजार मीट्रिक टन थी। व्यक्तिगत खुदरा विक्रेताओं के लिए भंडारण सीमा में कोई बदलाव नहीं किया गया है। व्यक्तिगत खुदरा विक्रेता दस टन तक गेहूं का भंडारण कर सकेंगे। वहीं, बड़ी श्रृंखला के खुदरा विक्रेता भी प्रत्येक दुकान में दस टन तक गेहूं का भंडारण कर सकते हैं। यह रोक सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में अगले वर्ष इकतीस मार्च तक लागू रहेगी। मंत्रालय ने कहा है कि सभी गेहूं भंडारण से जुडी कम्पनियों को गेहूं भंडारण सीमा पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा और प्रत्येक शुक्रवार को स्टॉक की स्थिति अपडेट करनी होगी। केंद्र और राज्य सरकारों के अधिकारी इन भंडारण सीमाओं के कार्यान्वयन की निगरानी करेंगे।

———————————————————————

केंद्र सरकार ने किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए प्याज और बासमती चावल के न्यूनतम निर्यात मूल्य पर लगी सीमाओं को हटा दिया है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि उच्च गुणवत्ता वाले चावल के निर्यात से किसानों की कमाई बढ़ेगी। सरकार ने प्याज पर निर्यात शुल्क चालीस प्रतिशत से घटा कर बीस प्रतिशत कर दिया है। वहीं प्याज का न्यूनतम निर्यात मूल्य पांच सौ पचास डॉलर प्रति टन और बासमती चावल का निर्यात मूल्य नौ सौ पचास डॉलर प्रति टन से प्रतिबंध हटा लिया गया है।

———————————————————————

एकीकृत भुगतान व्यवस्था– यूपीआई की भुगतान सीमा कल से एक लाख रूपये से बढ़ कर पांच लाख रूपये हो जायेगी। उपभोक्ता अब पांच लाख रूपये तक के कुछ श्रेणी के भुगतान यूपीआई के माध्यम से कर सकेंगे। अस्पतालों में शुल्क भुगतान, शैक्षणिक भुगतान, आई पी ओ और सरकारी प्रतिभूतियों में किये जाने वाले भुगतान इस श्रेणी में शामिल हैं। नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया – एनपीसीआई ने कहा है कि यूपीआई प्लेटफॉर्म में एक नई व्यवस्था– यूपीआई सर्कल लागू की गयी है। इसके अन्तर्गत प्राथमिक उपभोक्ता अपने खाते में पारिवारिक सदस्यों और मित्रों को डिजिटल भुगतान के लिए जोड़ सकते है।

———————————————————

केन्द्र सरकार ने पूर्णियां सीमेन स्टेशन को ए–ग्रेड सीमेन स्टेशन के रुप में वर्गीकृत और पुरस्कृत किया है। ओडिशा के भुवनेश्वर में आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी तथा पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने विभाग की प्रधान सचिव डॉक्टर एन विजयलक्ष्मी को सम्मानित किया। श्रीमती विजयलक्ष्मी ने बताया कि पूर्णियां सीमेन स्टेशन आधुनिक सीमेन उत्पादन केन्द्र है। यहां अत्याधुनिक सांड शेड, सीमेन प्रसंस्करण प्रयोगशाला, गुणवत्ता नियंत्रण विभाग और चारा उत्पादन इकाई है।

———————————————————

आज हिंदी दिवस है। चौदह सितम्बर उन्नीस सौ उनचास को संविधान सभा ने हिंदी भाषा को राजभाषा के रूप में अपनाया था। देश के अधिकतर क्षेत्रों में हिंदी भाषा बोले जाने के कारण इसे राजभाषा बनाने का निर्णय लिया गया था। हिंदी को प्रत्येक क्षेत्र में प्रसारित करने के लिए वर्ष उन्नीस सौ तिरेपन से देशभर में चौदह सितम्बर का दिन हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। हिन्दी लगभग बावन करोड़ से अधिक लोगों की पहली भाषा है। हिन्दी दिवस के अवसर पर देश और प्रदेश में अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह नई दिल्ली में राजभाषा हीरक जयंती समारोह और चौथे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के उद्‌घाटन सत्र को संबोधित करेंगे। राजभाषा विभाग हिंदी के राजभाषा बनने के पचहत्तर वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। श्री शाह राजभाषा गौरव और राजभाषा कीर्ति पुरस्कार भी प्रदान करेंगे। हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग– राजभाषा की ओर से बिहार राज्य अभिलेख भवन में हिन्दी दिवस सह कवि सम्मेलन समारोह का आयोतन किया जायेगा। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार इस कार्यक्रम का उद्‌घाटन करेंगे। वहीं, आकाशवाणी पटना का प्रादेशिक समाचार एकांश भी हिन्दी दिवस के अवसर पर शाम सात बजकर पचास

मिनट पर सामयिक चर्चा के अन्तर्गत विशेष कार्यक्रम का प्रसारण करेगा। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल ने अपने संदेश में लोगों से हिन्दी के सर्वांगीण विकास के लिए सतत प्रयत्नशील रहने का संकल्प लेने की अपील की है। वहीं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य के नागरिकों से हिन्दी भाषा को कामकाज के माध्यम के रूप में अपनाने की अपील की है।

———————————————————————

प्रदेश में डेंगू का प्रकोप जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान रिकॉर्ड एक सौ अट्ठाईस नये मामलों की पुष्टि हुई है। इस दौरान पटना में सबसे अधिक उनसठ नये मरीज मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार अब तक डेंगू के एक हजार पांच सौ पैंतीस मामले सामने आ चुके हैं। मलेरिया विभाग के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉक्टर अशोक कुमार ने बताया कि दिल्ली से आई नेशनल सेंटर फॉर वेक्टर बॉर्न डिजिज कन्ट्रोल टीम के सदस्य पटना के डेंगू प्रभावित मोहल्लों में घर–घर जाकर डेंगू के मच्छरों और लार्वा की पहचान कर रहे हैं और उसे नष्ट भी किया जा रहा है। एम्स नई दिल्ली के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर नीरज निश्चल ने कहा कि डेंगू मरीजों में प्लेटलेट्स की संख्या कम होना एक सामान्य प्रक्रिया है। इसे लेकर घबराने की जरूरत नहीं है।

———बाईट———

———————————————————————

प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में अगले तीन दिनों के दौरान मॉनसून की सक्रियता से अच्छी बारिश की सम्भावना है। मौसम विभाग ने आज नवादा, जमुई, बांका, मुंगेर, शेखपुरा और लखीसराय समेत छह जिलों में भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि इस दौरान तेज हवा चलने का भी पूर्वानुमान है।

———बाईट———

इधर, आज सुबह से ही पटना, नालंदा, जमुई, मुंगेर, दरंभगा और अररिया समेत आस–पास के जिलों में हल्की बारिश हो रही है।

———————————————————————

प्रदेश में राष्ट्रीय पोषण माह के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर पोषण जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत पटना के खुसरूपुर में किशोरियों में एनीमिया जांच के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया। किशनगंज जिले के पोठिया और औरंगाबाद जिले के बनुया में भी पोषण मेले का आयोजन किया गया।

———————————————————————

अररिया जिले के राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत ह्रदय रोग से ग्रसित दस बच्चों को इलाज के लिए अहमदाबाद भेजा गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि बच्चों के इलाज से लेकर परिवहन संबंधी सभी खर्च राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने ईडी की कार्रवाई पर लिखा है– हंस के करीबियों के ठिकानों से डेढ़ करोड़ रूपये का सोना और सतासी लाख रूपये कैश जब्त।

दैनिक जागरण राज्य के नियोजित शिक्षकों से जुड़े मामले पर लिखता है– दूसरे राज्यों के प्रमाण पत्र वाले बत्तीस हजार नियोजित शिक्षकों की डिग्री की जांच शुरू।

दैनिक भास्कर ने राज्य में किये जा रहे जमीन सर्वे के मामले को बड़ी खबर बनाया है। अखबार लिखता है– जमीन के पुराने दस्तावेज कैथी में, अमीन और कानूनगो इसे पढ़ना ही नहीं जानते, नतीजा सर्वे का काम आगे नहीं बढ़ रहा, लोग भी हो रहे परेशान।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर............

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल पीएम आवास योजना ग्रामीण के तहत राज्य के एक लाख से अधिक लाभार्थियों के खाते में पहली किस्त की राशि जारी करेंगे।
02. पटना उच्च न्यायालय समेत प्रदेश की सभी अदालतों में आज किया जा रहा है राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन। आपसी समझौते के आधार पर होगा विवादों का निपटारा।
03. प्रदेश के विभिन्न जिलों में पिछले चौबीस घंटों के दौरान डेंगू के रिकॉर्ड एक सौ अट्ठाईस मामलों की पुष्टि। पटना में सबसे अधिक उनसठ नये मरीज मिले।
04. और, आज हिंदी दिवस है। इस अवसर पर देश और प्रदेश में आयोजित किये जा रहे हैं कई कार्यक्रम।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।